समय -२ घंटे | **CODE - ZIRCONIUM** | पूर्णांक - ५०

प्रश्न १ निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- १४

क) "गाँव के उस उन्मुक्त वातावरण में वह जो कुछ चाहती थी करती थी। वह उस अनाथ बालक की भाँति थी जिसके हँसने-रोने, खेलने-सोने, खाने पहनने से किसी को कोई दिलस्पी नहीं।"

अथवा

"चूल्हा-चक्की, घर का काम-काज यह सब कितना बड़ा सत्य है नारी के लिए अपने समाज के ढाँचे को देखते हुए लेकिन क्या इस घेरे को स्वीकार कर लेना चाहिए जहाँ वह केवल गृहदीप है, उसका कोई सामाजिक अस्तित्व नहीं है।"

ख) "हिमाद्रि तुङ्ग श्रृङ्ग से
प्रबुद्ध शुद्ध भारती-
स्वयं प्रभा समुज्जवला
स्वतन्त्रता पुकारती..."

अथवा

"तो हमें स्वीकार है वह भी। उसी में रेत हो कर
फिर छनेंगे हम। जमेंगे हम। कहीं फिर पैर टेकेंगे
कहीं फिर भी खड़ा होगा नये व्यक्तित्व का आकार।
मात:, उसे फिर संस्कार तुम देना।"

प्रश्न २ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- २०

च) 'सूने चौखटे' उपन्यास के माध्यम से कमला और रामू के बाल-प्रेम का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

अथवा

'सूने चौखटे' उपन्यास के माध्यम से ,'मध्यम वर्गीय समाज की आर्थिक विवशताएँ, खोखली मूल्य व्यवस्था किस प्रकार व्यक्ति को तोड़ देती है ?' स्पष्ट कीजिए।

छ) 'कैकेयी अनुताप' कविता के माध्यम से कैकेयी के पश्चाताप का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

अथवा

'मैं नीर भरी दु:ख की बदली' कविता में घनीभूत वैयक्तिक रहस्यात्मकता का चित्रण कीजिए।

प्रश्न ३ निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> विषय पर टिप्पणी लिखिए:- ०६

'सीता' का चरित्र-चित्रण।

अथवा

'बात बोलेगी' कविता का आशय।

प्रश्न ४ निम्नलिखित विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर निबंध लेखन कीजिए:- १०

अ) भूकंप से पीड़ित गाँव की आत्मकथा।

ब) कॉलेज का पहला दिन।

क) बेटी बचाओ देश बचाओ।

ड) बेरोजगारी एक समस्या।